Australian Government
Department of Health, Disability and Ageing



# मनोभ्रंश (डिमेंशिया) पर ध्यान

## हम देखभाल के हरेक चरण में मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों के समर्थन में सुधार के लिए परिवर्तन कर रहे हैं

मार्च 2025

# वृद्ध देखभाल में सुधार

ऑस्ट्रेलिया सरकार वृद्ध देखभाल में सकारात्मक परिवर्तन कर रही है। ये परिवर्तन – जिन्हें वृद्ध देखभाल सुधारों के रूप में जाना जाता है - ऑस्ट्रेलिया में वर्तमान और भविष्य की वृद्ध देखभाल में सुधार करेंगे।

इनमें से कई सुधार Royal Commission into Aged Care Quality and Safety [वृद्ध देखभाल गुणवत्ता एवं सुरक्षा राजकीय आयोग] की अनुसंशाओं के उत्तर में हैं। हमारा दृष्टिकोण वृद्धजनों को सबसे ऊंची गुणवत्ता की व्यक्ति-केंद्रित देखभाल उपलब्ध कराना है, जहां और जब भी उन्हें इसकी आवश्यकता हो।

सुधारों के माध्यम से मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों और उनके देखभालकर्ताओं को निदान के बाद उनकी आवश्यकतानुसार समर्थन मिलेगा, ताकि वे अपने ही घर में लंबे समय तक रह सकें और ऊंची गुणवत्ता की, कुशलतालब्ध और मनोभ्रंश-सूचित वृद्ध देखभाल सेवाएं प्राप्त कर सकें।

परिवर्तनों में जीपी रेफरलों के समर्थन के लिए स्थानीय मनोभ्रंश देखभाल मार्गपथ, जीपी और वृद्ध देखभालकर्मियों के लिए मनोभ्रंश प्रशिक्षण, शुरुआत में और अधिक समर्थन व और अधिक आउटरीच सेवाएं, देखभालकर्ताओं के लिए राहत व शिक्षण, मनोभ्रंश के अनुकूल इमारतों का डिज़ाइन और बंधनों का कम से कम उपयोग करना शामिल है।

### ऑस्ट्रेलिया में मनोभ्रंश

400K से भी अधिक ऑस्ट्रेलियावासी मनोभ्रंश के साथ जीवन जी रहे हैं

महिलाओं की मृत्यु होने का #1 कारण मनोभ्रंश है

ऑस्ट्रेलिया में हृदय रोग के बाद कुल मिलाकर मृत्यु होने का #2 कारण मनोभ्रंश है

अस्पताल में औसत भर्ती अवधि की तुलना में मनोभ्रंश के कारण अस्पताल में भर्ती किए जाने वाले लोग 5 गुना लंबे समय तक वहाँ रहते हैं

मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले ऑस्ट्रेलियावासियों में से लगभग 2/3 महिलाएं हैं

वृद्ध देखभाल गृहों में आधे से अधिक लोग मनोभ्रंश के साथ जीवन जी रहे हैं

# पहलें और कार्यक्रम

### National Dementia Support Program

National Dementia Support Program [राष्ट्रीय मनोभ्रंश समर्थन कार्यक्रम] का उद्देश्य मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले या संज्ञानात्मक गिरावट का अनुभव करने वाले लोगों, उनके देखभालकर्ताओं और समर्थन नेटवर्कों की सहायता करना है, ताकि मनोभ्रंश के बारे में और अधिक समझा जा सके और निम्नलिखित तरीकों से उन्हें समर्थित किया जा सके:

- उन्हें अपनी आवश्यकता की सहायता सेवाओं के बारे में सूचित निर्णय ले पाने में सशक्त बनाना
- उन्हें उपयुक्त सेवाओं के साथ जोड़ना, ताकि वे आत्म-प्रबंधन कर सकें और यथासंभव लंबे समय तक मनोभ्रंश के साथ अच्छा जीवन जी सकें।

National Dementia Support Program परामर्श, शिक्षा, वेबिनारों, अतिसंवेदनशील समुदायों के लिए विशेष समर्थन और एक ऑनलाइन पुस्तकालय सेवा के माध्यम से सहायता प्रस्तुत करता है।

यह समर्थन **National Dementia Helpline [राष्ट्रीय मनोभ्रंश हेल्पलाइन]** के माध्यम से भी उपलब्ध है, जो एक नि:शुल्क, गोपनीय फोन व ईमेल जानकारी एंव सहायता सेवा है।

हेल्पलाइन से **1800 100 500** पर (24/7, वर्ष में 365 दिन) या ईमेल के माध्यम से **helpline@dementia.org.au** पर संपर्क किया जा सकता है।

## Dementia Friendly Communities

Dementia Friendly Communities [मनोभ्रंश अनुकूलित समुदाय] कार्यक्रम का उद्देश्य मनोभ्रंश से जुड़े कलंक को कम करना और सामुदायिक स्तर पर मनोभ्रंश के बारे में समझ, जागरुकता और स्वीकृति को बढ़ावा देना है। Dementia Friendly Communities कार्यक्रम में निम्नलिखित प्रमुख घटक शामिल हैं:

- Dementia Friends [मनोभ्रंश मित्र] और Dementia Friends Hosts [मनोभ्रंश मित्र मेजबान], जो अपने-अपने समुदायों में जागरुकता बढ़ाने वाले सत्र संचालित करने के लिए सशक्त और लैस हैं
- Dementia Alliances [मनोभ्रंश समूह], स्थानीय लोगों के स्थायी समूह जो अपने-अपने समुदायों को मनोभ्रंश के अनुकूल बनाने में सहायता के उद्देश्य से कार्य योजनाएं विकसित करते हैं
- स्थानीय परियोजनाओं के लिए Community Engagement Grants [सामुदायिक संलग्नता अनुदान], जो मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों को अपने-अपने समुदायों में समावेशन और संलग्नता के लिए प्रोत्साहन देते हैं
- सामुदायिक संगठनों और व्यवसायों के लिए समर्थन, ताकि वे मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों के साथ अधिक समावेशी बन सकें और उन्हें मनोभ्रंश के प्रति अनुकूल होने के रूप में अपनी पहचान बनाने में सहायता मिल सके।

और अधिक जानकारी के लिए **health.gov.au/our-work/dementia-friendly-communities** पर जाएं।

## Primary Health Networks मनोभ्रंश समर्थन मार्गपथ

Primary Health Networks [प्राथमिक स्वास्थ्य नेटवर्कों] ने मनोभ्रंश के समर्थन के लिए स्थानीय मार्गपथ विकसित किए हैं, जिससे जीपी को मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों को उनकी आवश्यकतानुसार अतिरिक्त नैदानिक और स्थानीय सहायता से उन्हें जोड़ने में मदद मिलती है।

मनोभ्रंश-विशिष्ट मार्गपथ स्वास्थ्य पेशेवरों को मनोभ्रंश के निदान और देखभाल के सभी चरणों में रोगियों को बेहतर रूप से समर्थित करने में सहायता दे रहे हैं।

इन मार्गपथों में शामिल हैं:

- उपयुक्ततानुसार और अधिक विशिष्ट आकलन तथा नैदानिक सेवाओं के लिए रेफरल
- रोग-निदान के बाद सेवाओं के लिए रेफरल और मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों, उनके देखभालकर्ताओं और परिवारों के लिए समर्थन।

Primary Health Networks और Dementia Australia ने मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों, उनके देखभालकर्ताओं और समर्थन नेटवर्कों के लिए संसाधन विकसित किए हैं, ताकि यह समझा जा सके कि उनके स्थानीय क्षेत्र में क्या सहायता और सेवाएं उपलब्ध हैं।

## मनोभ्रंश डेटा की निगरानी

Australian Institute for Health and Welfare में स्थित National Centre for Monitoring Dementia [राष्ट्रीय मनोभ्रंश निगरानी केंद्र]:

- नियमित रूप से ऑस्ट्रेलिया में मनोभ्रंश की निगरानी करता है
- डेटा में मौजूद अंतरालों को संबोधित करता है
- मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले ऑस्ट्रेलियावासियों के लिए विशिष्ट नीतिगत आवश्यकताओं को सूचित करता है।

इन विषयों पर अब नया डेटा उपलब्ध है:

- कम आयु में शुरू होने वाला मनोभ्रंश
- मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों का मानसिक स्वास्थ्य
- मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य और वृद्ध देखभाल इंटरफ़ेस।

## मनोभ्रंश, आयुर्वृद्धि एवं वृद्ध देखभाल मिशन

Dementia, Ageing and Aged Care Mission [मनोभ्रंश, आयुर्वृद्धि एवं वृद्ध देखभाल मिशन] एक Medical Research Future Fund पहल है। 10-वर्षीय निवेश योजना के तहत 2018-19 और 2028-29 के बीच अनुसंधान में $185 मिलियन का निवेश किया जाएगा। इस अनुसंधान से वयोवृद्ध ऑस्ट्रेलियावासियों को अपने स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने, लंबे समय तक स्वतंत्र रूप से जीवन जीने और आवश्यकतानुसार देखभाल प्राप्त कर पाने में सहायता मिलेगी।

## National Dementia Action Plan

National Dementia Action 2024–2034 (Action Plan) [राष्ट्रीय मनोभ्रंश कार्य योजना] ऑस्ट्रेलिया सरकार और राज्य तथा राज्य-क्षेत्र सरकारों के बीच संयुक्त 10-वर्षीय पहल है। इसमें मनोभ्रंश के बारे में जागरुकता बढ़ाने, अबादी के लिए मनोभ्रंश के जोखिम को कम करने और पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों और उनके परिवारों व देखभालकर्ताओं के लिए बेहतर रूप से समन्वित सेवाओं के संचालन के उद्देश्य से उच्च-स्तर के 8 कदम शामिल हैं।

Action Plan [कार्य योजना] के प्रति प्रगति को Australian Institute of Health and Welfare द्वारा विकसित National Dementia Action Plan संकेतक डैशबोर्ड के माध्यम से वार्षिक रूप से ट्रैक और रिपोर्ट किया जाएगा।

Action Plan के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया में मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों को जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए वास्तविक व स्थायी प्रकृति के सकारात्मक परिवर्तन करने का अवसर मिलता है।

और अधिक जानकारी के लिए **health.gov.au/our-work/national-dementia-action-plan** पर जाएं।

## मनोभ्रंश व्यवहार के लिए समर्थन

व्यक्ति-केंद्रित व्यवहार समर्थन कार्यनीतियों के माध्यम से मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों और उनके देखभालकर्ताओं के लिए बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। नि:शुल्क मनोभ्रंश व्यवहार समर्थन सेवाओं से परिवारों, देखभालकर्ताओं और स्वास्थ्य एव वृद्ध देखभाल कार्यबल को अतिरिक्त विशिष्ट और व्यक्तिगत सहायता मिलती है, जहां मनोभ्रंश के व्यवहारिक और मनोवैज्ञानिक लक्षणों से मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले व्यक्ति की देखभाल पर प्रभाव पड़ता है।

वर्तमान में Dementia Support Australia द्वारा मनोभ्रंश व्यवहार सहायता सेवाएं प्रदान की जाती हैं और उनकी हेल्पलाइन को **1800 699 799** पर 24/7 या **dementia.com.au** पर जाकर एक्सेस किया जा सकता है।

### Dementia Behaviour Management Advisory Service

Dementia Behaviour Management Advisory Service [मनोभ्रंश व्यवहार प्रबंधन सलाहकार सेवा] उस स्थिति में समर्थन और सलाह प्रदान करती है, जब मनोभ्रंश के हल्के से मध्यम स्तर के व्यवहारिक और मनोवैज्ञानिक लक्षणों से किसी व्यक्ति की देखभाल या जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। प्रशिक्षित सलाहकार किसी भी परिवेश में (जिसमें समुदाय, आवासीय वृद्ध देखभाल और स्वास्थ्य देखभाल परिवेश शामिल हैं), ऑस्ट्रेलिया में कहीं भी (जिसमें ग्रामीण और दूरस्थ स्थान शामिल हैं) और चाहे मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले व्यक्ति की आयु कुछ भी हो, तब भी काम करते हैं। उनकी भूमिकाओं में शामिल हैं:

- मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों की देखभाल करने वाले सेवा प्रदाताओं और व्यक्ति-विशेषों को समर्थन देना
- व्यवहारों के कारणों और/या ट्रिगर्स (शुरुआती कारणों) को समझने के लिए सेवा प्रदाताओं और देखभालकर्ताओं की सहायता करना
- प्रदाताओं और देखभालकर्ताओं को ऐसी कार्यनीतियाँ विकसित करने में सहायता देना, जो काम-काज करने की क्षमता को बेहतर बनाती हैं, पीड़ा को कम करती हैं, पूरी न हुई अन्य आवश्यकताओं के लिए समर्थन देती हैं और समावेशन में सुधार करती हैं।

### गंभीर व्यवहार प्रतिक्रिया टीमें

स्वीकृत आवासीय वृद्ध देखभाल प्रदाता गंभीर प्रकृति के मनोभ्रंश-संबंधी व्यवहारिक और मनोवैज्ञानिक लक्षणों के साथ जीवन जीने वाले लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए Severe Behaviour Response Teams [गंभीर व्यवहार प्रतिक्रिया टीमों] से सहायता का अनुरोध कर सकते हैं।

Severe Behaviour Response Teams देखभाल नेटवर्क के साथ साझेदारी करेंगी, ताकि वे:

- व्यवहार में परिवर्तन के कारणों को समझ सकें और व्यवहार समर्थन योजनाओं को सूचित करने में सक्षम अनुरूपित देखभाल योजनाएं विकसित कर सकें
- मॉडलिंग कार्यनीतियों के माध्यम से कर्मियों का ज्ञान बढ़ा सकें
- अनुसंशाएं लागू करने के लिए निरंतर मार्गदर्शन दे सकें।

## विशेषज्ञ मनोभ्रंश देखभाल

Specialist Dementia Care Program [विशेषज्ञ मनोभ्रंश देखभाल कार्यक्रम] अत्यधिक गंभीर प्रकृति के मनोभ्रंश-संबंधी व्यवहारिक और मनोवैज्ञानिक लक्षणों से ग्रस्त लोगों का समर्थन करता है, जहां आवासीय वृद्ध देखभाल सुविधा में उनकी समर्थन आवश्यकताओं को पूरा नहीं किया जा सकता है। यह कार्यक्रम ऐसी परिस्थितियों में मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों के लिए विशेष देखभाल को सक्षम बनाता है, जहां:

- व्यक्ति को बहुत गंभीर मनोभ्रंश है, जिसमें शारीरिक आक्रामकता या अन्य व्यवहारों से और भी अधिक जटिलता पैदा हो रही है
- अन्य सेवाओं से सहायता लेने के बावजूद भी व्यक्ति की आवासीय देखभाल सुविधा या देखभालकर्ता व्यवहार का प्रबंधन नहीं कर सकते हैं।

देखभाल को कुटीर-जैसे, मनोभ्रंश-अनुकूल परिवेश में छोटे-छोटे समूहों में प्रदान किया जाता है, जिसमें मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों को ये लाभ मिलते हैं:

- मनोभ्रंश के लिए प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा व्यक्तिगत, लक्ष्य-केंद्रित देखभाल
- विशेषज्ञ नैदानिक सेवाओं द्वारा समर्थन।

Specialist Dementia Care Program एक पारगमन कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य औसतन 12 महीनों के अंदर मनोभ्रंश के व्यवहार-संबंधी लक्षणों को घटाना या स्थिर करना है।

इस कार्यक्रम का लक्ष्य आवासीय वृद्ध देखभाल प्रदाताओं के साथ इस उद्देश्य से काम करना है कि:

- मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों को आवासीय देखभाल के अंदर और बाहर पारगमन के लिए आवश्यकतानुसार सहायता मिल सके
- मनोभ्रंश-अनुकूल परिवेश में, बंधन के बिना, सर्वोत्तम कार्यप्रथा विकसित की जा सके
- लोगों को कार्यक्रम के माध्यम से देखभाल की आवश्यकता न होने पर उन्हें निम्न-गहनता के देखभाल परिवेशों में जाने के लिए समर्थन मिल सके
- राज्य और राज्य-क्षेत्र की सरकारी सेवाओं और व्यवहार समर्थन सेवाओं के साथ-मिलकर काम किया जा सके

- अत्यधिक गंभीर प्रकृति के मनोभ्रंश-संबंधी व्यवहारिक और मनोवैज्ञानिक लक्षणों के साथ जीवन जीने वाले लोगों के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

और अधिक जानकारी के लिए **health.gov.au/our-work/specialist-dementia-care-program-sdcp** पर जाएं।

## Hospital to Aged Care Dementia Support Program

Hospital to Aged Care Dementia Support Program [अस्पताल से लेकर वृद्ध देखभाल मनोभ्रंश सहायता कार्यक्रम] में मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले वृद्धजनों को अस्पताल से आवासीय वृद्ध देखभाल या वृद्ध देखभाल समर्थनयुक्त किसी गृह में पारगमन करने में सहायता मिलती है। यह कार्यक्रम अस्पताल और वृद्ध देखभालकर्मियों, वृद्धजन और उनके परिवार या देखभालकर्ताओं को इस समय समर्थन देता है:

- उनके अस्पताल में रहने के दौरान
- अस्पताल से बाहर पारगमन करते समय
- अस्पताल से डिस्चार्ज के बाद वृद्ध देखभाल समर्थित परिवेश में जाने के 3 महीनों तक।

ऑस्ट्रेलिया सरकार की ओर से Dementia Support Australia 11 स्थानों पर कार्यक्रम वितरित कर रहा है, और यह प्रत्येक राज्य व राज्य-क्षेत्र में उपस्थित है। इसमें भाग लेने वाले अस्पतालों के कर्मी अस्पताल के पात्रतायुक्त रोगियों को कार्यक्रम के लिए संदर्भित कर सकते हैं। और अधिक जानकारी के लिए **health.gov.au/our-work/hacdsp** पर जाएं।

## मनोभ्रंश प्रशिक्षण

Dementia Training Australia निःशुल्क प्रशिक्षण और संसाधन प्रस्तुत करके मनोभ्रंश देखभाल में वृद्ध देखभाल और स्वास्थ्यकर्मियों की कार्यकुशलता बढ़ा रहा है, जिनमें शामिल हैं:

- पेशेवर स्तर के मान्यता-प्राप्त मनोभ्रंश देखभाल प्रशिक्षण कोर्स, जो पात्र देखभालकर्मियों के लिए निःशुल्क हैं
- जीपी, नर्सों, फार्मासिस्टों, मनोवैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, संबद्ध स्वास्थ्य और अन्य प्रासंगिक पेशेवरों को मनोभ्रंश आकलन, निदान और प्रबंधन के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास प्रशिक्षण जारी रखना
- वृद्ध देखभाल प्रदाताओं के लिए ऑन-साइट प्रशिक्षण, जिसमें उपयुक्ततानुसार मनोभ्रंश कुशलताओं और परिवेश का ऑडिट और उसके पश्चात अनुरूपित प्रशिक्षण पैकेज शामिल है
- पेशेवर समुदाय और उन्नत प्रशिक्षण (एडवांस्ड ट्रेनिंग) अवसर, ताकि मनोभ्रंश देखभाल के अग्रणियों को सर्वोत्तम कार्यप्रथाएं साझा करने और अपनाने तथा व्यक्तिगत देखभालकर्मियों के लिए मनोभ्रंश देखभाल में स्थानीय नेतृत्व निर्मित करने में सहायता मिल सके
- आमने-सामने प्रशिक्षण के वितरण के संपूरण के लिए एक ऑनलाइन प्रशिक्षण पोर्टल।

नया National Dementia Training and Education Standards Framework [राष्ट्रीय मनोभ्रंश प्रशिक्षण एवं शिक्षा मानक ढांचा] अनेकानेक शिक्षण परिवेशों में प्रमुख शिक्षण क्षेत्रों और मनोभ्रंश शिक्षण से वांछित परिणामों को समझने के लिए एक व्यापक मार्गदर्शिका प्रदान करता है।

यह ढांचा सुलभ और सुसंगत शिक्षा और प्रशिक्षण मार्गों का समर्थन करता है, ताकि मनोभ्रंश प्रशिक्षण को समझने-बूझने तथा ऊंची गुणवत्ता का ऐसा प्रशिक्षण खोजने में उपयोगकर्ताओं को सहायता मिल सके, जो सीखने के संबंध में उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के प्रति लक्षित है।

परिवर्तित व्यवहार के प्रबंधन से संबंधित अतिरिक्त प्रशिक्षण भी उपलब्ध है। इसमें Changed Behaviour Toolkit [परिवर्तित व्यवहार टूलकिट] शामिल है, जो ऐसा व्यवहार करने वाले व्यक्ति पर बल देते हुए सर्वोत्तम अभ्यास दृष्टिकोणों पर ध्यान केंद्रित करता है, और साथ ही विशिष्ट परिवर्तित व्यवहार और मनोवैज्ञानिक लक्षणों पर भी जोर देता है।

प्रशिक्षण, शिक्षा और संसाधनों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए **1300 229 092** पर कॉल करें या **dta.com.au** पर जाएं।

## मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों और उनके देखभालकर्ताओं के लिए राहत देखभाल में सुधार

इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस प्रकार की मनोभ्रंश-विशिष्ट राहत समर्थन सेवाओं की सुलभता के माध्यम से मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले व्यक्ति के देखभालकर्ताओं और परिवारों का समर्थन करना है, जो निम्नलिखित में सुधार लाती हैं:

- मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले व्यक्ति और उनके देखभालकर्ताओं के लिए राहत देखभाल की गुणवत्ता व अनुभव
- देखभालकर्ता सकुशलता
- मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों और उनके देखभालकर्ताओं के लिए देखभाल योजना का निर्माण और उनके घर तथा राहत स्थल के बीच पारगमन में सुधार।

यह कार्यक्रम सभी राज्यों और राज्य-क्षेत्रों में चल रहा है, और ये लाभ उपलब्ध करा रहा है:

- देखभालकर्ता शिक्षा और सकुशलता
- मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों के लिए राहत देखभाल की गुणवत्ता और अनुभव में सुधार के लिए अभिनव दृष्टिकोण
- मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों के लिए बेहतर राहत देखभाल नियोजन
- गुणवत्तापूर्ण मनोभ्रंश-विशिष्ट राहत देखभाल प्रदान करने के लिए वृद्ध देखभाल प्रदाताओं की क्षमता में वृद्धि।

इस कार्यक्रम के तहत Dementia Support Australia के सहयोग से तस्मानिया विश्वविद्यालय वृद्ध देखभालकर्मियों को प्रशिक्षण भी प्रदान करता है, ताकि मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों और उनके देखभालकर्ताओं की राहत-सबंधी आवश्यकताओं के बारे में उन देखभालकर्मियों की समझ बेहतर हो सके।

Dementia Respite Education and Mentoring (DREAM) [मनोभ्रंश राहत शिक्षा एवं परामर्श] परियोजना में राहत प्रशिक्षण के लिए एक नया, अभिनव और अनुकूलनीय दृष्टिकोण अपनाया गया है, जिसके तहत वृद्ध देखभाल प्रदाताओं को एक पेशेवर समुदाय और कोचिंग उपलब्ध होगी।

और अधिक जानकारी के लिए **health.gov.au/our-work/improving-respite-care-for-people-living-with-dementia-and-their-carers** पर जाएं।

### National Aged Care Design Principles and Guidelines

1 जुलाई 2024 को ऑस्ट्रेलिया सरकार ने आवासीय वृद्ध देखभाल में रहने वाले वृद्धजनों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए National Aged Care Design Principles and Guidelines [राष्ट्रीय वृद्ध देखभाल डिज़ाइन सिद्धांत एवं दिशानिर्देश] प्रस्तावित किए।

ये सिद्धांत एवं दिशानिर्देश वृद्ध देखभाल प्रदाताओं और डिज़ाइन विशेषज्ञों को और अधिक घर-जैसे परिवेशों का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित करके वृद्ध देखभाल गृहों में रहने वाले वृद्धजनों का समर्थन करेंगे। विशेषकर मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले वृद्धजनों को भली-भांति डिज़ाइन किए गए ऐसे आवास से लाभ पहुंचेगा, जहां घर-जैसी अनुभूति, आउटडोर्स की सुलभता और समुदाय के साथ जुड़ाव उपलब्ध होता है।

ये सिद्धांत एवं दिशानिर्देश ऐसे परिवेश बनाने में सहायता करेंगे, जो:

- व्यक्ति के स्वास्थ्य और सकुशलता को बरकरार रखते हैं
- पहचान, गरिमा और अपनेपन की भावना समर्थित करते हैं
- लोगों को आयु बढ़ने के साथ स्वतंत्र बने रहने में सहायता देते हैं।

और अधिक जानकारी के लिए **health.gov.au/our-work/improving-accommodation-in-residential-aged-care** पर जाएं।

### और अधिक जानकारी

मनोभ्रंश के साथ जीवन जीने वाले लोगों, उनके देखभालकर्ताओं और परिवारों के समर्थन के लिए हम क्या कर रहे हैं, इस बारे में और अधिक जानकारी के लिए **health.gov.au/dementia** पर जाएं।

## आइए साथ-मिलकर वृद्ध देखभाल को बदलते हैं

हम वृद्धजनों, उनके परिवारों और देखभालकर्ताओं तथा वृद्ध देखभाल क्षेत्र के साथ मिलकर-काम कर रहे हैं, ताकि ऑस्ट्रेलिया में वृद्धजनों के लिए बेहतर वृद्ध देखभाल सेवाएं तथा देखभाल के बेहतर मानक निर्मित किए जा सकें।

अब तक हजारों लोग सुधारों को आकार देने के लिए सर्वेक्षणों, वेबिनार्स, ऑनलाइन वर्कशॉप्स, परामर्श पत्रों और आमने-सामने के आयोजनों के माध्यम से शामिल हुए हैं।

वृद्ध देखभाल प्रदाताओं और वृद्ध देखभालकर्मियों को वृद्ध देखभाल परिवर्तनों के बारे में अपनी राय देने के लिए बहुत सारे अवसर उपलब्ध हैं:

- हमारी मेलिंग सूची के सदस्य बनें और वृद्ध देखभाल क्षेत्र को प्रभावित करने वाले मामलों के साथ अप-टु-डेट रहें: **health.gov.au/aged-care-newsletter-subscribe**
- Aged Care Engagement Hub [वृद्ध देखभाल समावेशन हब] पर जाकर सबसे हाल के परामर्श अवसरों और परिणामों के बारे में जानकारी प्राप्त करें: **AgedCareEngagement.health.gov.au/get-involved**